## एक नजर

### नावा जयपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**पंडवा।** नावा जयपुर थाना क्षेत्र के महूलिया पंचायत निवासी, कांड संख्या 38/25 के दुष्कर्म आरोपी गुड्डू खलीफा उर्फ गुड्डू आलम (उम्र 32 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दर्ज मामले में आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### धान रोपाई में जुटे भाजपा नेता रामाशीष यादव

**ऊंटारी रोड।** भाजपा नेता रामाशीष यादव ने रविवार को बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में किसानों के साथ खेतों में उतरकर धान रोपाई की। उन्होंने किसानों से हालचाल जाना और कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन का आधार हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा, कृषि तकनीक और आमदनी बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर ग्रामीणों ने खेत में उनके साथ आत्मीय बातचीत की।

### मौसमी बीमारियों से बचाव पर जागरूकता बैठक

**मोहम्मदगंज।** पोटो गांव में आंगनबाड़ी स्वच्छता समिति की बैठक में जलसहिया कविता देवी ने बारिश के पानी के जमाव को साफ करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे टायफाइड और मलेरिया का खतरा रहता है। बैठक में कई महिलाओं ने भाग लिया और सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया।

# हुसैनाबाद में पांच माह से एमडीएम की राशि नहीं, एचएम परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड के सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में अप्रैल 2025 से अब तक मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की राशि नहीं पहुंची है। इस कारण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक (एचएम) गंभीर परेशानी झेल रहे हैं। गम्हरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि एमडीएम बच्चों के पोषण और उपस्थिति, दोनों के लिए जरूरी है, लेकिन पिछले पांच महीने से बजट न आने से स्थिति बेहद कठिन हो गई है। उन्होंने बताया कि शुरू में हमने स्थानीय दुकानदारों से उधार लेकर सामग्री खरीदी, लेकिन अब वे भी मना करने लगे हैं। आखिर कब तक उधार चलाया जा सकता है? हुसैनाबाद प्रखंड में कुल 167 विद्यालय हैं, जिनमें 83 उत्क्रमित व मध्य विद्यालय (22 मध्य विद्यालय) और 84 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। इनमें कुल 28,232 बच्चे नामांकित हैं। अप्रैल से अब तक लगभग 15 लाख से अधिक भोजन की खुराक प्रभावित हो चुकी है। स्थानीय शिक्षकों का कहना है कि एमडीएम केवल भोजन नहीं है, बल्कि यह गरीब बच्चों के लिए स्कूल आने का एक बड़ा कारण है। यदि यह बंद हुआ तो उपस्थिति में भारी गिरावट आ सकती है। ग्रामीण अभिभावक भी चिंतित हैं कि गर्मी और बरसात के मौसम में बिना भोजन बच्चों के स्कूल में टिक पाना मुश्किल होगा। एमडीएम प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि जिला को रिपोर्ट भेजी गई है और जैसे ही राशि प्राप्त होगी, सभी विद्यालयों में तुरंत भेज दी जाएगी। लेकिन यह कब होगा, इसकी कोई निश्चित तिथि नहीं बताई गई।



### जलजमाव पीड़ितों के बीच पुलिस की मानवीय पहल

## पिपराबांध में 15 परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित, विधायक ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लगातार बारिश से जलजमाव झेल रहे पिपराबांध गांव में पुलिस ने राहत पहुंचाई। थाना प्रभारी नारायण सोरेन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 15 प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न और सब्जियां दीं। मिट्टी के घर गिरने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घरों में पानी भर जाने से लोग बेघर हो गए थे। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने गांव पहुंचकर स्थिति देखी और सीओ को स्थायी समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी नाले पर अतिक्रमण हटाए बिना समस्या खत्म नहीं होगी।

## पलामू डीआईजी ने पांकी पुलिस निरीक्षक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### रजिस्टर अद्यतन में देरी पर जताई नाराजगी, लापरवाही पर चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** रविवार देर शाम पलामू डीआईजी नौशाद आलम अचानक पांकी पहुंचे और पुलिस निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी के पहुंचते ही पुलिस महकमे में हलचल मच गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टर, केस डायरी, लंबित मामलों की फाइलें और शिकायत पंजी की बारीकी से जांच की। कई रजिस्टरों में अद्यतन कार्य में देरी पाकर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई। डीआईजी ने कहा- जनता की सुरक्षा और न्याय हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से होना चाहिए और हर पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गश्ती व्यवस्था मजबूत करें, गुप्तचर तंत्र सक्रिय रखें और अपराध पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही थाना और निरीक्षक कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की सराहना भी की। निरीक्षण के दौरान पांकी पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष और कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। डीआईजी ने सभी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए टीमवर्क और जनता से बेहतर तालमेल बनाने की अपील की।

## चतरा सांसद ने जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ओरिया ग्राम के उज्जवल कुमार और जैतूखाड़ के विवेक कुमार ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने गांव, बल्कि पूरे प्रखंड और संसदीय क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रविवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह सफल अभ्यर्थियों के घर पहुंचे और उन्हें फूल-माला, अंगवस्त्र भेंट करने के साथ मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि विवेक और उज्जवल की यह सफलता ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दोनों युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सांसद ने कहा कि वे आगे भी अपने कार्य और व्यवहार से समाज व क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं। विवेक कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय जैतूखाड़ से प्राप्त की, जबकि उज्जवल कुमार ने ओरिया से ही पढ़ाई शुरू की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है–प्रतिभा कहीं भी हो सकती है, बस उसे निखारने के लिए सही दिशा और प्रयास जरूरी है। कार्यक्रम में पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, लवली गुप्ता, अभिमन्यु तिवारी, विनय सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रेमजीत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, पांकी विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



### मुख्य नहर में निर्बाध रूप से 1420 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज से दायीं मुख्य नहर में लगातार 1420 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नबीनगर को 900 क्यूसेक पानी की आपूर्ति हो रही है। नदी में 18,000 क्यूसेक जल प्रवाह दिया गया है, जिससे सिंचाई कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और जलप्रवाह में किसी तरह की रुकावट नहीं है। सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार और शुभम राज जल प्रवाह की लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोयल नदी में बाढ़ या मुख्य नहर में कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई तो खरीफ सीजन के दौरान इसी तरह पानी की आपूर्ति जारी रहेगी। किसानों की मांग और आवश्यकता के अनुसार पानी की मात्रा बढ़ाई या घटाई भी जा सकती है।

### भीमबराज के गेट नंबर 36 का काउंटर वेट बदलने का कार्य शुरू

## रखरखाव के अभाव में बिगड़ी थी स्थिति 2016 में भी आई थी बड़ी समस्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज के गेट नंबर 36 के काउंटर वेट को बदलने का कार्य रविवार से शुरू हो गया। यह काम जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अर्जुन प्रसाद सिंह (औरंगाबाद) के हालिया निरीक्षण के बाद तेजी से कराया जा रहा है। कुछ सप्ताह पहले काउंटर वेट दरककर लटक गया था, जिससे टूटकर गिरने का खतरा था। यदि यह गिर जाता तो संबंधित गेट को भारी नुकसान हो सकता था और बरसात के मौसम में जल नियंत्रण पर गंभीर असर पड़ता। फिलहाल हार्डवेयर एंड टूल्स कंपनी की टीम ने अस्थायी रूप से चेनपुलिंग सपोर्ट लगाकर सुरक्षा दी थी, अब नए चैनल वेट लगाए जा रहे हैं। 2016 में कोयल नदी में 7.79 लाख क्यूसेक पानी आने पर गेट नंबर 4, 5, 19, 21, 25 और 36 समय पर नहीं उठ पाए थे, जिससे बाढ़ के दौरान पानी निकासी में बड़ी बाधा आई थी और आसपास के इलाकों में भारी नुकसान हुआ था। बाद में सभी गेट दुरुस्त किए गए, लेकिन 36 नंबर गेट में संचालन की समस्या बनी रही। मुख्य अभियंता ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट कहा था कि गेट का नियमित रखरखाव न होने से ही यह स्थिति बनी है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने भी माना कि यदि समय-समय पर सर्विसिंग होती, तो यह समस्या इतनी गंभीर न होती।

## 12 अगस्त को होगा खरीफ कर्मशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू के निदेर्शानुसार हैदरनगर प्रखंड में खरीफ फसलों की बेहतर पैदावार हेतु 12 अगस्त को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रखंड सभागार, हैदरनगर में आयोजित होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि किसानों को खरीफ फसल की नवीनतम तकनीक और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। इसमें जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, सांसद और विधायक प्रतिनिधि, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, किसान मित्र और प्रगतिशील किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित ट्रेनरों द्वारा किसानों को सही समय पर बुवाई, बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि उत्पादन में बढ़ोतरी हो सके।



## हुसैनाबाद की 'लाइफलाइन' बनी जानलेवा राह

- स्टेशन रोड की दुर्दशा से जनजीवन बेहाल, जिम्मेदार विभाग की चुप्पी पर उठ रहे सवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र के जेपी चौक से जपला स्टेशन तक जाने वाली मुख्य सड़क, जिसे कभी हुसैनाबाद की 'लाइफलाइन' कहा जाता था, आज खतरनाक रास्ते में तब्दील हो चुकी है। आधा किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, कीचड़ और जलजमाव ने राहगीरों का चलना मुश्किल कर दिया है। बरसात में हालात और बिगड़ गए हैं, सड़क जलकुंड में बदल गई है। पैदल चलना हो या बाइक और ऑटो से गुजरना–हर कदम पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। रात के समय अंधेरे और स्ट्रीट लाइटों की कमी के कारण स्टेशन से लौटने वाले यात्री गिरकर घायल हो रहे हैं। कई बार एंबुलेंस भी मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचा पाती। दो साल पहले इस मार्ग के एक हिस्से पर पीसीसी सड़क बनी थी, लेकिन घटिया निर्माण के चलते वह भी जल्द टूट-फूट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत और विभाग की उदासीनता के कारण यह समस्या सालों से जस की तस बनी हुई है। अब नगर पंचायत का प्रभार एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता के पास है, जिससे लोगों को उम्मीद है कि वे इस सड़क को दुरुस्त कराने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करेंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत हो या फिर नया निर्माण शुरू कर, जल निकासी और नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए।

**कार्यक्रम**

### हुसैनाबाद में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

## एसडीओ ने दीप प्रज्वलित कर की शुरूआत, घर-घर जाकर दी जाएगी दवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। एसडीओ ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिसे आम बोलचाल में 'हाथीपांव' कहा जाता है। यह रोग लंबे समय तक इलाज न होने पर अंगों में सूजन और विकृति पैदा कर सकता है। अभियान 10 अगस्त से शुरू होकर 25 अगस्त तक चलेगा। पहले दिन निर्धारित बूथों पर लोगों को तीन प्रकार की दवाएं दी गईं। 11 अगस्त से आंगनबाड़ी सेविका और सहिया घर-घर जाकर दवा वितरण करेंगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाएं, दो साल से कम उम्र के बच्चे और गंभीर बीमार व्यक्ति इस दवा से वंचित रहेंगे। साथ ही दवा खाली पेट न लेने की सलाह दी गई है। एसडीओ ने सभी कर्मियों से लक्ष्य के अनुरूप हर व्यक्ति तक दवा पहुंचाने की अपील की और कहा कि यदि किसी जगह समस्या आए तो तुरंत टास्क फोर्स या चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यह न केवल स्वास्थ्य का सवाल है, बल्कि पूरे प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने का अभियान है।

### विश्रामपुर सीएचसी में एमडीए-आईडीए अभियान का शुभारंभ

**दो लाख 79 हजार लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य, 25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम**

**मेदिनीनगर। (पलामू)** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सभागार में रविवार को विशेष अभियान की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. मनोज थॉमस, प्रोग्राम पदाधिकारी हितेष चौबे, सर्किल हेड विनोद तिवारी, बीडीएम रवि रंजन कुमार, भंडार पाल मिथलेश दुबे, एमटीएस पंकज कुमार और जीएनएम सतेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद चिकित्सा प्रभारी सहित कई अतिथियों ने स्वयं आईडीए की दवा सेवन कर लोगों को प्रेरित किया। डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक खतरनाक रोग है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है और जिसे आम भाषा में ह्यहाथीपांवह्ण कहा जाता है। केंद्र सरकार ने 2027 तक इसके पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। डॉ. मनोज थॉमस ने कहा कि एक मच्छर जीवनभर के लिए विकलांग बना सकता है, इसलिए दवा सेवन और सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। सर्किल इंस्पेक्टर विनोद तिवारी ने बताया कि अभियान 10 अगस्त से शुरू होकर 25 अगस्त तक चलेगा। 11 अगस्त से आंगनबाड़ी सेविका और सहिया घर-घर जाकर लाभुकों को दवा देंगी। सीएचसी क्षेत्र में कुल 3,11,609 की आबादी में से 2,79,000 लोगों को दवा देने का लक्ष्य है। इसके लिए 625 कर्मियों को लगाया गया है, जिनमें आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। 23 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 6 ट्रांजिट और 280 टीम सदस्य दवा वितरण करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दवा केवल सामान्य लोगों को दी जाएगी, गर्भवती महिलाएं, दो साल से कम उम्र के बच्चे और गंभीर रूप से बीमार लोग इससे वंचित रहेंगे। साथ ही दवा सेवन से पहले खाली पेट न रहने की सलाह भी दी गई।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने किया। यह अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। डॉ. अरुण चंद्र मोहंता ने बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है, जो गंदे और जमे हुए पानी में पनपते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घर और आसपास सफाई रखें और जल जमाव न होने दें। अभियान के दौरान सहिया एवं सेविका घर-घर जाकर दो साल से ऊपर सभी स्वस्थ व्यक्तियों को दवा खिलाएंगी। गर्भवती महिलाएं, गंभीर रोगी और दो साल से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में बीडीएम निलेश कुमार पांडेय, बैम श्रवण कुमार, एमटीएस विजय कुमार पांडेय, बीटीटी शैलेश वर्मा, अनिल गिरी, विजय पांडेय सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### भीड़ से लगातार दूसरे दिन प्रभावित हुआ डिज़्नीलैंड मेला

# शिवाजी मैदान में उमड़ी भारी भीड़ कई लोग बिना मेले का आनंद लिए लौटे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डिज़्नीलैंड मेले में रविवार को छुट्टी के दिन का असर साफ़ दिखा। सुबह से ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग मेले में पहुंचे, जिससे शिवाजी मैदान और आसपास के इलाकों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

अत्यधिक भीड़ के कारण कई जगह धक्का-मुक्की की स्थिति बनी और कई लोग परिवार के साथ बिना झूले-झूलने या स्टॉल घूमे ही वापस लौट गए। शनिवार को भी अफरा-तफरी के चलते एंट्री बंद करनी पड़ी थी।



दोपहर से ही जिलेभर से ऑटो, बाइक और चारपहिया वाहनों से लोग पहुंचे, जिससे पार्किंग की व्यवस्था भी चरमरा गई। दोपहिया पार्किंग सशुल्क की गई, लेकिन गाड़ियों की संख्या बढ़ने से जगह कम पड़ गई।

पिछले 15 दिनों से शिवाजी मैदान, कोयल रिवर फ्रंट, टाउन हॉल रोड, पोस्ट ऑफिस रोड और आसपास के क्षेत्रों में मेले की चहल-पहल है। मेले के साथ-साथ दर्जनों ठेले और खोमचे भी लग गए हैं, जहां पानी पुरी, चाउमिन, मोमोज समेत विभिन्न व्यंजन बिक रहे हैं।

## जिला गतका ट्रायल सम्पन्न, 170 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला गतका संघ के तत्वावधान में जीएलए कॉलेज स्टेडियम, डाल्टनगंज में रविवार को जिला स्तरीय ट्रायल का भव्य आयोजन हुआ। इस ट्रायल के माध्यम से 23-24 अगस्त को होने वाली राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। मैदान में सुबह से ही खिलाड़ियों का उत्साह और ऊर्जा देखने लायक थी। इस चयन प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में दीपेंद्र सिंह, अमरेश कुमार मेहता और दीपक तिवारी मौजूद रहे, जिन्होंने तकनीकी मानकों के आधार पर खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया। लगभग 170 खिलाड़ियों ने इस ट्रायल में हिस्सा लिया, जिनमें से कई ने अपने दमदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। जिला गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, "गतका केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और मानसिक मजबूती का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता है कि हर खिलाड़ी को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सही तकनीक के साथ मैदान में उतारा जाए। इस बार हमारा लक्ष्य है कि पलामू के खिलाड़ी राज्य स्तर पर अधिकतम पदक जीतें।"



जिला सचिव सुमित बर्मन ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा, "खिलाड़ियों का मूल्यांकन उनकी स्पीड, रिफ्लेक्स, डिफेंसिव और ऑफेंसिव तकनीक, स्टैमिना और फोकस के आधार पर किया गया। हमने यह सुनिश्चित किया है कि चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार हों।" इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष बबलू चावला, प्रदीप नारायण, मन्नत बग्गा, किशोर कुमार और प्रदीप मेहता समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। ट्रायल में खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। पूरे आयोजन को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

## बारिश में मेदिनीनगर की सड़कें बनी हादसों का अड्डा



- डीआईजी के बुलावे पर आगे आए राष्ट्रीय राजमार्ग इंजीनियर- दिलाया राहत का भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सड़कों की हालत इन दिनों ऐसी है कि पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं। लगातार बारिश ने गड्ढों और जलजमाव का ऐसा जाल बिछा दिया है कि हादसे अब रोज़ की खबर बन चुके हैं- किसी का हाथ टूटा, किसी की बाइक फिसली।

लेकिन जिला प्रशासन, नगर निगम और इंजीनियरिंग विभाग मानो रजाई ओढ़कर सो रहे हों। मरम्मत की जिम्मेदारी इनकी थी, मगर आगे आए पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम। उन्होंने खुद राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के इंजीनियर प्रदूत चटर्जी को बुलाया, जर्जर सड़कें दिखाईं और दो टूक कहा- जनहित का मामला है, तुरंत ठीक कराइए।

चटर्जी ने मौके पर ही हामी भर दी। इसके बाद डीआईजी ने राष्ट्रीय राजमार्ग इंजीनियर व कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मिठाई खिलाई और लड्डू बांटे।

शहरवासी तंज कसते हुए कह रहे हैं कि सड़कें नगर निगम की, मरम्मत पुलिस अफसर करा रहे हैं।

## जुलाई में टूटा बारिश का रिकॉर्ड अगस्त में बरसात ने दी निराशा

- धान की फसल में पानी की कमी, किसानों की चिंता बढ़ी; अगले पांच दिन भारी बारिश की संभावना नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में जुलाई की तुलना में अगस्त में अब तक मानसून कमजोर पड़ गया है। खेतों में रोपी गई धान की फसल पानी की कमी के कारण सूखने लगी है। इस साल मानसून की शुरुआत के बाद जुलाई में रिकॉर्डतोड़ बारिश हुई थी और 1 जून से 10 अगस्त तक जिले में 800 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जो बीते 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ने वाली रही।

लेकिन अगस्त के पहले 10 दिनों में बारिश की कमी ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जुलाई के पहले 10 दिनों की तुलना में अगस्त में अब तक मात्र एक चौथाई बारिश हुई है। लगातार उमस और तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, जिससे बरसात के मौसम में भी लोग गर्मी जैसी चुभती धूप और पसीने वाली उमस झेल रहे हैं।

**अगस्त में थमी बारिश, बढ़ी उमस और तापमान :** अगस्त की शुरुआत के साथ ही जिले में बारिश में गिरावट आई है। दिन में तेज धूप निकल रही है, जिससे उमस और गर्मी दोनों बढ़ गई हैं। रात का तापमान 25 डिग्री और दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। बरसात के दिनों में भी लोग एसी, कूलर और पंखों का सहारा लेने को मजबूर हैं।

**जुलाई बनाम अगस्तः बारिश में भारी अंतर :** जुलाई के पहले 10 दिनों में जहां 168.8 मिमी वर्षा हुई थी, वहीं अगस्त के पहले 10 दिनों में केवल 43.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिले के अधिकतर किसानों ने जून और जुलाई में धान की रोपाई पूरी कर ली थी। जून में 271.7 मिमी और जुलाई में 598.1 मिमी बारिश हुई थी। अब बारिश में आई इस कमी से धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

**अगले पांच दिन भारी बारिश के आसार नहीं :** मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल बंगाल की खाड़ी में कोई नया मानसूनी सिस्टम नहीं बन रहा है। ऐसे में अगले पांच दिनों तक जिले में तेज बारिश की संभावना नहीं है। कहीं-कहीं हल्की फुहारें पड़ सकती हैं, लेकिन दिन में मौसम साफ रहेगा और तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। अगर स्थिति यही रही तो किसानों को फसलों को बचाने के लिए पंपसेट और अन्य सिंचाई साधनों का सहारा लेना पड़ेगा।

## लातेहार और चतरा की खबरें

### सीसीएल कर्मी 9 अगस्त से लापता, परिवार परेशान



**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के आरा ग्राम निवासी जितन यादव ने अपने पुत्र अनुज यादव की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। अनुज यादव 9 अगस्त को तेतरिया खाड़ सीसीएल में ड्यूटी करने के बाद घर लौटे थे। इसके बाद वे कुंडी पीओ ऑफिस जाने के नाम पर निकले, लेकिन घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। लापता होने के समय क्षेत्र में बारिश हो रही थी। हताश और परेशान परिजनों ने स्थानीय थाना पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर खोजबीन का आश्वासन दिया है।

### लावालौंग-पलामू मुख्य सड़क पर कीचड़ और गड्ढों से यातायात बाधित

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड की लावालौंग–पलामू मुख्य सड़क की स्थिति बेहद खराब है। जगह-जगह गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भरने से सड़क दलदल में बदल गई है। रविवार को करबला के पास कीचड़ में एक कार फंस गई, जिसका चौंबर फट गया। घंटों की मशक्कत के बाद वाहन निकाला गया। इसी दौरान एक एंबुलेंस भी फंस गई, जिससे मरीज को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### स्वतंत्रता दिवस पर शहीद जयमंगल पांडेय–नादिर अली फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी तेज

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त से शुरू होने वाले शहीद जयमंगल पांडेय–नादिर अली फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर हैं। रविवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान के नेतृत्व में फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मैदान की स्थिति, सफाई और खेल आयोजन की व्यवस्था का जायजा लिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि यह टूर्नामेंट लगातार पांचवें वर्ष आयोजित किया जा रहा है। मौके पर एएसआई घनश्याम कुमार, समिति के कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, सचिव तिलेश्वर राणा, ललन कुमार, गौतम रजक, प्रमोद कुशवाहा, गंदौरी राम दांगी, सुरेश राम, पवन राम, गोपाल राम, भोला कुमार आदि मौजूद थे।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के पराक्रम के सम्मान में "हर घर तिरंगा" अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा की बैठक रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड़ में आयोजित हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार ने की जबकि संचालन महामंत्री विरेचन गिरी ने किया। जिला महामंत्री सह पत्थलगड़ा प्रभारी मिथलेश गुप्ता ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलेगा। सभी कार्यकर्ता अपने घर पर तिरंगा फहराने के साथ तिरंगा यात्रा भी निकालेंगे और लोगों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील करेंगे। साथ ही 15 अगस्त शाम 6 बजे तक तिरंगा सम्मानपूर्वक उतारने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं की होगी। मौके पर महामंत्री तिलेश्वर राणा, जिला मंत्री बासुदेव दांगी, सांसद प्रतिनिधि आशीष दांगी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस को मज़बूत करने के लिए तीन पंचायतों में संगठन सृजन मंथन

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी, पोखरी कला और बेतला पंचायत में रविवार को कांग्रेस पार्टी को मज़बूत बनाने के लिए संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तथा मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति और पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम और बरवाडीह पर्यवेक्षक विश्वनाथ पासवान शामिल हुए।

## छतरपुर से शुरू हुआ 49 साल 'पुराना वनराखी मूवमेंट' अब पहुंचा विदेशों तक

- पर्यावरणविद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने रक्षाबंधन पर दिया पेड़ों की रक्षा का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर स्थित मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान एवं कौशल नगर बाजार प्रांगण में रविवार को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन वनराखी मूवमेंट के 49वें वर्ष पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, पर्यावरण धर्म गुरु और 'ट्री मैन' के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान, पर्यावरण धर्म की प्रार्थना और कन्या पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने ग्रामीणों को अंगवस्त्र और पौधों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्ष 1967 में उनके पैतृक गांव डाली से 'जंगल लगाओ, जंगल बचाओ' के नारे के साथ शुरू हुआ था, जब उन्होंने अपनी 8.72 एकड़ निजी जमीन पर पौधारोपण कर ग्रामीणों को प्रेरित किया।

डॉ. जायसवाल ने बताया कि 10 वर्षों बाद जब लगाए गए पेड़ों को माफियाओं द्वारा काटा जाने लगा, तो उन्होंने जल संकट और प्रदूषण जैसी समस्याओं को रोकने के उद्देश्य से 1977 में 'पर्यावरण धर्म' अपनाया और आठ मूल मंत्रों के तहत पेड़ों पर रक्षाबंधन कर वनराखी मूवमेंट की शुरुआत की। उन्होंने ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि जैसे रक्षाबंधन मानव भाई की रक्षा का प्रतीक है, वैसे ही पेड़ों पर राखी बांधना धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख जीवों की रक्षा का संकल्प है।

आज यह अभियान तेजी से फैलकर न केवल भारत के 26 राज्यों के 164 जिलों में, बल्कि नेपाल, भूटान, म्यांमार, सिंगापुर, मलेशिया, अज़रबैजान, थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों में भी पहुँच चुका है। अब तक 22 लाख से अधिक पेड़ों पर राखी बांधी जा चुकी है। इस वर्ष 2 अगस्त को इस अभियान की शुरुआत जापान के टोक्यो से वृक्षों पर राखी बांधकर की गई थी, जिसकी कड़ी में राष्ट्रीय रक्षाबंधन पर्व पर छतरपुर में यह आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपमुखिया अफजाल अंसारी ने की, जबकि संचालन जुबेर अंसारी ने किया। मौके पर उपमुखिया नगीना खातून, गुलाम गौस, सुमित जायसवाल, खुशबू जायसवाल, फुलवा देवी, दौलती देवी, राजमतिया कुंवर, कबूतरी कुंवर, सत्या सिंह, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी, ग्रामीण और बालिकाएं मौजूद थीं।

## अगस्त में चार बड़े आयोजन करेगा इस्कॉन



- बलराम पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन, अभिषेक व प्रसाद वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इस्कॉन पलामू ने रविवार को बलराम पूर्णिमा के अवसर पर भजन-कीर्तन और महाअभिषेक के साथ भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। संध्या 7 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में इस्कॉन के सदस्य व श्रद्धालु शामिल हुए। संस्थान द्वारा अगस्त माह में चार बड़े धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। बलराम पूर्णिमा के बाद अब 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक पुलिस लाइन स्थित हरे कृष्ण निवास में होगा। आधी रात को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर विशेष महाअभिषेक और भजन-कीर्तन के साथ भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। 17 अगस्त को श्रील प्रभुपाद आविर्भाव दिवस पर भी विशेष कार्यक्रम होंगे, जो इस्कॉन संस्थापक श्रील प्रभुपाद के जन्म का स्मरण कराएंगे। वहीं, 31 अगस्त को श्री राधाष्टमी महा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें राधा रानी की विशेष पूजा-अर्चना, कीर्तन और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## किसैनी में नि:शुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर, कई ग्रामीणों ने करवाई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड के शुद्ध आदिवासी बहुल क्षेत्र किसैनी ग्राम में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेसा पलामू के सहयोग से रेड क्रॉस सोसायटी, पलामू द्वारा संचालित किया गया। ग्रामीणों में उत्साह का आलम ऐसा था कि सुबह से ही लोग आंखों की जांच कराने के लिए शिविर स्थल पर पहुंचने लगे।

कार्यक्रम के संयोजक एवं रेड क्रॉस पलामू सदस्य राजेश्वर सिंह उर्फ राजू सिंह के संरक्षण में यह शिविर संपन्न हुआ। इस दौरान करीब 200 लोगों की आंखों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने की। इनमें से 110 लाभार्थियों को मौके पर ही उपयुक्त चश्मे वितरित किए गए, जबकि 85 लोगों के लिए विशेष माप के चश्मे तैयार कराए जाएंगे, जिन्हें करीब डेढ़ माह बाद सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में सेसा पलामू की ओर से सचिव कौसिक मलिक, संयुक्त सचिव संजय कुमार, डॉक्टर नीलध्वज कुमार, डॉक्टर सुनील कुमार, ज्योति टोपो ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं रेड क्रॉस पलामू की ओर से सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, उपाध्यक्ष आलोक पाठक, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, संयोजक सुधीर कुमार, मुख्य परियोजना निदेशक गिरधारी गर्ग, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, आलोक माथुर, विश्वजीत गुप्ता, अनीश गर्ग, प्रवीण कुमार, जितेंद्र सिंह, बिट्टू सिंह, अरविंद कुमार सिंह, चंद्रशेखर पासवान, कुश सिंह, सुमन कुमार, नवनीत कुमार सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

चिकित्सकों ने जांच के दौरान ग्रामीणों को नेत्र सुरक्षा, नियमित जांच के महत्व और आंखों की बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों के लिए समय-समय पर आंखों की जांच कराने की सलाह दी गई। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार लेने, आंखों की सफाई रखने और धूप में काम करते समय सनग्लास या उपयुक्त चश्मा पहनने की भी अपील की।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल के लिए रेड क्रॉस सोसायटी और सेसा पलामू का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि इस तरह के शिविर से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को बड़ा लाभ मिलता है, क्योंकि उन्हें आंखों की जांच के लिए शहर तक नहीं जाना पड़ता।

संयोजक राजेश्वर सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस पलामू समय-समय पर इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहेगा, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार और परामर्श मिल सके।

## जर्जर सड़क पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, हाइवा परिचालन ठप

- सुल्तानी-नहर मार्ग पर गड्ढों व कीचड़ से आवागमन बाधित, सड़क मरम्मत की मांग तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सरसोत (हरिहरगंज)।** हरिहरगंज प्रखंड के सरसोत पंचायत में सुल्तानी से नहर तक जाने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढों के कारण इस मार्ग पर चारपहिया ही नहीं, दोपहिया वाहनों का चलना भी जोखिम भरा हो गया है। हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ और पानी से लबालब भर जाती है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से हर दिन सैकड़ों लोग बाजार, स्कूल और अस्पताल आते-जाते हैं, लेकिन सड़क की खस्ताहाल स्थिति उनके लिए परेशानी और खतरे दोनों पैदा कर रही है।



**ग्रामीणों ने रोका हाईवा परिचालन :** सड़क की बिगड़ती हालत से नाराज स्थानीय युवा रविवार को एकजुट हुए और इस मार्ग पर चलने वाले हाईवा ट्रकों के परिचालन पर रोक लगा दी। उनका कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क और भी खराब हो रही है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक सड़क की मरम्मत शुरू नहीं होती, तब तक हाईवा का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग :** ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि आवागमन सामान्य हो सके। उनका कहना है कि यह सड़क न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक जीवन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

समाचार लिखे जाने तक इस मामले में प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई है। स्थानीय लोग चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द कदम नहीं उठाया गया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# क्रशर व्यवसायी पर चली गोलीबारी, बाल-बाल बचे

## बाइक सवार दो हमलावरों ने चलाया फायर, पुलिस ने कारतूस का खोखा बरामद किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बंका स्टेशन रोड स्थित रविवार सुबह लगभग 11 बजे क्रशर व्यवसायी रामप्रवेश गुप्ता पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चलाई। गुप्ता इस हमले में बाल-बाल बच गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही मेराल थाना प्रभारी विष्णुकांत और बाद में गढ़वा डीएसपी नीरज कुमार घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच की। पुलिस ने घटनास्थल से एक कारतूस का खोखा बरामद किया है। आसपास के दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। व्यवसायी रामप्रवेश गुप्ता ने




बताया कि वे जीएन स्कूल के बगल में अपने प्लॉट की बाउंड्री पर गेट लगवा रहे थे, तभी बाइक पर सवार दो हमलावर आए और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली चलते ही उन्होंने भागकर जान बचाने की कोशिश की और इस दौरान धान के खेत में गिर पड़े। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुटे, जिससे हमलावर मौके से भाग गए। थाना प्रभारी ने कहा कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है और तकनीकी सेल की मदद भी ली जाएगी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

# बालू घाट पर छापेमारी, अवैध खनन रोकने के लिए प्रशासन सख्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के बालू घाटों पर रविवार को प्रशासन ने अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की। टीम को सूचना मिली थी कि कुछ बालू माफिया रात के समय बिना अनुमति बालू निकालकर ट्रैक्टरों और ट्रकों से परिवहन कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान कई वाहन पकड़े गए, जिनमें बिना चालान के बालू भरा हुआ था। अधिकारियों ने मौके पर ही चालान काटा और कुछ वाहनों को जब्त कर थाने भेज दिया। थाना



प्रभारी ने कहा कि प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और किसी भी कीमत पर अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि यदि वे ऐसी गतिविधियों को देखते हैं तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन से न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान होता है बल्कि नदी के पर्यावरण और किनारों की स्थिरता पर भी गंभीर असर पड़ता है। इससे बाढ़ का खतरा और भूमिगत जल स्तर में गिरावट जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। अभियान के दौरान अधिकारियों ने घाटों पर मौजूद श्रमिकों को चेतावनी दी और उन्हें बताया कि बिना वैध लाइसेंस के बालू निकालना कानूनन अपराध है, जिसके लिए कड़ी सजा हो सकती है।

# बिजली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, खेत में सिंचाई के दौरान हादसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** गढ़वा जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र के बलीगढ़ गांव में रविवार को खेत में सिंचाई करते समय 57 वर्षीय रामा रजवार की मौत बिजली के करंट से हो गई। जानकारी के अनुसार, रामा रजवार अपने खेत में इलेक्ट्रिक मोटर का तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान गलती से 440 वोल्ट के करंट प्रवाहित एलटी तार से उनका संपर्क हो गया। तेज झटके के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मझिआंव थाना पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट और डेड बॉडी चालान तैयार कर अग्रतर कार्रवाई शुरू की। स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया और खेतों में बिजली की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** गढ़वा मुख्य सड़क पर रविवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पंकज कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक मेराल से गढ़वा की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन पंकज कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने मुख्य सड़क पर जाम लगाकर प्रशासन से ट्रक चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## दो टेंपो व बाइक की भीषण भिड़ंत, पांच घायल, एक की हालत नाजुक

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दो टेंपो के बीच जोरदार टक्कर के बाद पीछे से आ रही मोटरसाइकिल भी उसमें जा भिड़ी। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें रणपुरा गांव निवासी प्रेम प्रसाद की हालत नाजुक है। घायलों में चिनियां निवासी



अमला देवी, सुभाष कुमार, अंधिता कुमारी और ब्यूटी कुमारी शामिल हैं। सभी घायलों को पहले चिनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अमला देवी व अन्य लोग टेंपो से गोदरमाना जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान प्रेम प्रसाद की मोटरसाइकिल भी पीछे से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद एएसआई राधेश्याम कुमार और सुखराव उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक टेंपो का अगला शीशा टूटकर गिर गया और दूसरा टेंपो व मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना के बाद दोनों टेंपो चालक वाहन लेकर फरार हो गए।

# मकरी के जंगल में मिला नवजात मां की ममता हुई शर्मसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड के मकरी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया, जब यूकेलिप्टस के जंगल में एक नवजात बच्चा रोते हुए मिला। यह घटना रविवार सुबह लगभग 8 बजे की है। जानकारी के अनुसार, मकरी गांव निवासी चंदन बैठा सुबह शौच के लिए जंगल की ओर गए थे। उसी दौरान झाड़ी से उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पहले तो वे घबरा गए, लेकिन हिम्मत जुटाकर झाड़ी के पास पहुंचे तो देखा कि वहां एक नवजात शिशु कपड़ों में लिपटा हुआ पड़ा था। यह दृश्य देख वे तुरंत गांव लौटे और पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा को फोन पर घटना की जानकारी दी। मुखिया ने उनसे बच्चे को अपने घर लाने को कहा और स्वयं तुरंत वहां पहुंच गए। देखते ही देखते मुखिया के घर



पर नवजात को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति को देखते हुए मुखिया ने धुरकी थाना पुलिस को सूचना दी। एएसआई सुनील कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने औपचारिक कार्रवाई करते हुए नवजात की देखभाल की जिम्मेदारी मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा को लिखित रूप से सौंप दी। फिलहाल बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और मुखिया के घर सुरक्षित रखा गया है। बताया जा रहा है कि यह नवजात बालक है, जिसका वजन लगभग 2 किलो 100 ग्राम है। गांव में इस घटना के बाद चर्चा का विषय यह भी है कि आखिर कौन इस मासूम को जंगल में छोड़कर चला गया। लोग इसे मानवता और मां की ममता पर कलंक मान रहे हैं। वहीं, इस बच्चे को गोद लेने के लिए कई लोग आगे आए हैं, जिससे मुखिया के घर पर लोगों की कतार लगी हुई है।

# डायरिया से प्रभावित बुका के तिनकोनिया टोला में स्वास्थ्य विभाग की टीम का दौरा, स्वच्छता पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बुका गांव के तिनकोनिया टोला में डायरिया का प्रकोप फैलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार को सीएचसी भवनाथपुर से चिकित्सकों की टीम ने प्रभावित इलाके का दौरा किया। टीम ने घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच की और डायरिया से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। जानकारी के अनुसार, अब तक इस टोला में करीब ढाई दर्जन लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से एक वृद्ध महिला की मौत हो चुकी है, जबकि शेष पीड़ितों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मरीजों की निगरानी कर रही है और आवश्यक दवाओं के साथ ओआरएस का वितरण कर रही है। टीम ने पाया कि इलाके में स्वच्छता की स्थिति बेहद खराब है। घरों के आसपास गंदगी का ढेर और खुले में पालतू जानवरों का रखा जाना बीमारी फैलने के प्रमुख कारण हैं। दूषित पानी और अस्वच्छ वातावरण से संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को उबालकर या फिल्टर किया हुआ पानी पीने, भोजन को ढककर रखने, नियमित रूप से हाथ धोने और गंदगी से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने चेतावनी दी कि दस्त या उल्टी के लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत संपर्क करें। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की सड़क न होने से स्वास्थ्य सेवाओं को समय पर पहुंचाने में दिक्कत आती है। एंबुलेंस सीधे प्रभावित टोला तक नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों को अस्पताल ले जाने में देरी हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को फिलहाल नियंत्रण में बताया है, लेकिन पूरी तरह सामान्य होने में समय लगने की संभावना जताई। साथ ही, स्थानीय प्रशासन को स्वच्छता अभियान चलाने और साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की सिफारिश की गई।

# भाजपा विधायक ने गोंदा मध्य विद्यालय भवन का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने रविवार को गोंदा मध्य विद्यालय में नए भवन के निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर और पूजा-अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकताओं ने उन्हें फूल-मालाओं और बुके से सम्मानित किया। यह भवन 99 लाख की लागत से बनेगा, जिसमें चारदीवारी और शौचालय का भी निर्माण होगा। अपने संबोधन में विधायक तिवारी ने कहा कि यह भवन बच्चों के पठन-पाठन के लिए गुणवत्तापूर्ण वातावरण प्रदान करेगा। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेराल गोदाम से 2700 क्विंटल गरीबों का अनाज भ्रष्ट पदाधिकारियों की मिलीभगत से चोरी किया गया। विधानसभा में मामला उठाने पर एक छोटे दलित कर्मचारी को निलंबित कर एफआईआर कर दी गई, लेकिन असली दोषी बच निकले। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है, जिस पर जांच का आदेश हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड में 50% कमीशनखोरी चलती है और थाना स्तर पर अवैध बालू कारोबार में भी रिश्वत ली जाती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पुलिस को पैसे देता है, उसकी गाड़ियां रात भर बालू ढोती हैं, जबकि गरीब व्यक्ति अपने घर के लिए भी बालू लाता है तो उसे परेशान किया जाता है। उन्होंने मोटरसाइकिल चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का भी मुद्दा उठाया। विधायक ने मईया सम्मान योजना और पेंशन वितरण में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। महिला जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं के नाम पर एक रुपये में जमीन की रजिस्ट्री होती थी, जिसे वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया।

## सड़क पर घूम रही गाय से टकराई बाइक, युवक गंभीर रूप से घायल

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर-योगियारा मुख्य मार्ग पर रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बभने गांव निवासी 28 वर्षीय विनय चौधरी उर्फ बड़कू चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पोस्ट ऑफिस के पास उस समय हुई, जब वे अपनी मोटरसाइकिल से योगियारा की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर अचानक एक गाय आ गई, जो अंधेरे में नजर नहीं आई। तेजी से जा रही बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधा पशु से टकरा गई। जोरदार टक्कर के बाद विनय सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। रात में सड़क पर पर्याप्त रोशनी न होने और हेलमेट न पहनने से चोटें और गंभीर हो गईं। इसी दौरान, प्रतापपुर थाने की पेट्रोलिंग गश्ती टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए घायल युवक को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति नाजुक देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया, जहां से उन्हें रांची भेजा गया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है और परिजनों के अनुसार स्थिति गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

# बारिश से किसानों के खेतों में जलभराव, धान की फसल पर संकट



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** लगातार हो रही बारिश से कांडी प्रखंड के कई गांवों में किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। खासतौर पर निमडीह, चंद्रपुरा, हसनपुर और धनगड़ा गांव में निचले इलाकों के खेतों में पानी भर गया है, जिससे धान की फसल सड़ने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि पिछले 48 घंटों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने फसल को नुकसान पहुंचाया है। अगर पानी जल्द नहीं निकाला गया तो धान की पैदावार पर भारी असर पड़ेगा। ग्रामीण किसान रामलाल चौबे ने बताया कि ₹हमने धान की रोपनी समय पर कर दी थी और पौधे भी अच्छे हो रहे थे, लेकिन अब पानी खड़े होने से जड़ गलने का डर है। 'इसी तरह महिला किसान सुनीता देवी ने कहा कि ₹सरकार को तुरंत नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था करनी चाहिए।' कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और किसानों को सलाह दी कि वे खेतों में पानी निकालने के लिए नालियां बनाएं और पौधों में रोगनाशक दवाओं का छिड़काव करें।

**कार्यक्रम** — कॉफी विद एसडीएम' में इस बार गोताखोर होंगे खास मेहमान

# स्थानीय जल स्रोतों से जुड़ी सुरक्षा व बचाव कार्यों को मजबूत करना उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने अपने साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार एक अनोखी पहल की है। उन्होंने क्षेत्र के सभी स्थानीय गोताखोरों को आगामी बुधवार, 13 अगस्त को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय में आमंत्रित किया है। इस बैठक का उद्देश्य स्थानीय जल स्रोतों से जुड़ी सुरक्षा और बचाव कार्यों को मजबूत करना है। एसडीएम ने कहा कि बरसात के मौसम में नदियों, डैम और तालाबों में डूबने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं और ऐसे समय पर सबसे पहले मौके पर पहुंचकर जान बचाने का काम गोताखोर ही करते हैं। लेकिन कई



बार प्रशासन और गोताखोरों के बीच सीधा संपर्क न होने से बचाव कार्य में देरी होती है। इस संवाद कार्यक्रम में गोताखोरों के अनुभवों, चुनौतियों, उपकरणों की कमी, प्रशिक्षण की जरूरत और मानदेय जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा होगी। एसडीएम संजय कुमार का मानना है कि गोताखोरों का स्थानीय जलधाराओं और उनकी गहराई के बारे में अनुभव अमूल्य है, जिसे आपदा प्रबंधन टीम में शामिल कर प्रशासनिक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि गोताखोरों को अनुमंडल स्तरीय आपदा प्रबंधन टीम से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जोड़ा जाएगा, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन और भी प्रभावी हो सके। इसके लिए मत्स्य विभाग, जल संसाधन विभाग और पर्यटन विभाग से भी अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने पंजीकृत गोताखोरों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सूचित करें। गोताखोरों को भरोसा दिलाते हुए एसडीएम ने कहा कि प्रशासन उनके काम के लिए आवश्यक संसाधन और सुरक्षा उपाय उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा, ताकि उनका अमूल्य योगदान और अधिक प्रभावी हो सके।

# न्यूज | बॉक्स

## सड़क नहीं होने से मासूम की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**धुरकी।** प्रखंड के खाला गांव स्थित टोला बगीरकटवा में सड़क सुविधा के अभाव ने एक मासूम की जान ले ली। घटना रविवार



सुबह 10 बजे की है, लेकिन इसकी जड़ें शुक्रवार देर शाम से जुड़ी हैं। जानकारी के अनुसार, गांव के अनिल गोड़ की पुत्री सोनी कुमारी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। परिजनों ने तत्काल वाहन मंगवाने का प्रयास किया, लेकिन गांव तक सड़क नहीं होने के कारण ड्राइवर ने घर तक आने से मना कर दिया। नतीजतन वाहन के इंतजार में ही मासूम की मौत हो गई। यह मार्ग खाला स्कूल से बगीरकटवा तक जाता है और लगभग 500 लोगों की आबादी इसी रास्ते पर निर्भर है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण का कार्य सालों से अटका हुआ है। आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोग सड़क निर्माण में जानबूझकर बाधा डालते हैं, जबकि सर्वे के अनुसार यह सड़क स्वीकृत है। ग्रामीण कई बार अंचल अधिकारी को आवेदन देकर सड़क नापी और निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि अगर सड़क बनी होती तो बच्ची को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकता था और उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मौके पर मौजूद रामरूप गोंड, देवकुमार गोंड, अनिल गोंड, असगर अंसारी, रामचंद पनिका, हरगोविंद पनिका, लाला गोंड, शिव कुमार पनिका, गुलाम मोहम्मद और औरंगजेब अंसारी ने प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

## झामुमो महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता देवी ने नेमरा पहुंचकर शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**खरौंधी।** प्रखंड झामुमो महिला मोर्चा की अध्यक्ष संगीता देवी ने रविवार को अपने दल के साथ झामुमो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन



के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। वे उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचीं और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संगीता देवी ने कहा कि गुरुजी ने झारखंड की अस्मिता, जल-जंगल-जमीन और आमजन के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। वे गरीब, मजदूर और आदिवासी समाज के सच्चे मसीहा थे। उनका जाना राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि गुरुजी का जीवन त्याग, सादगी और समर्पण का प्रतीक था। झामुमो महिला मोर्चा उनके अधूरे सपनों को साकार करने के लिए कार्यरत रहेगा। संगीता देवी ने यह भी कहा कि गुरुजी हमेशा महिलाओं को राजनीति और सामाजिक नेतृत्व में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे और उनकी यह प्रेरणा संगठन के कार्यों में आगे भी जीवित रहेगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकताओं ने दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी

**हुसैनाबाद।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि अब 14 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया कि पहले अंतिम तिथि 31 जुलाई तय थी, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण पोर्टल काम न करने से कई किसान बीमा कराने से वंचित रह गए। कृष्णा बैठा ने कहा कि किसानों के हित में समय सीमा बढ़ाई गई है। प्रतिदिन किसान बीमा करा रहे हैं, लेकिन निर्धारित लक्ष्य से अभी काफी कम संख्या में ही बीमा हो सका है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि समय सीमा के भीतर अपना फसल बीमा अवश्य कराएं। साथ ही सभी पैक्स अध्यक्ष, किसान मित्र और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक किसानों को बीमा कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि समय रहते लक्ष्य पूरा किया जा सके।

## भजनियां में दुगार्पूजा पर प्रवचन कार्यक्रम का निर्णय

**मोहम्मदगंज।** भजनियां गांव में रविवार को दुगार्पूजा की तैयारी को लेकर ग्रामीणों की बैठक सेवानिवृत्त शिक्षक कामता प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी पूजा संचालन की जिम्मेदारी पूर्व की कमिटी को ही दी जाएगी। इस बार विशेष रूप से किसी महिला प्रवचनकर्ता को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि महिला प्रवचन से कार्यक्रम में अलग आध्यात्मिक रंग और नई ऊर्जा आएगी। बैठक में पंसस प्रतिनिधि विश्वनाथ मुन्ना चौधरी, सेवानिवृत्त एएसआई बृजनारायण सिंह, उपमुखिया पप्पू प्रजापति समेत दर्जनों लोग शामिल हुए। गांव के वरिष्ठों का कहना है कि दुगार्पूजा यहां केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र है। पूजा के दौरान भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक और सामूहिक भोज जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं।

# पत्थर कुड़वा मोड़ के पास कार व बाइक की टक्कर में युवती की मौत, युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता



**हेरहंज (लातेहार)।** रविवार की शाम करीब 4 बजे हेरहंज प्रखंड मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर इनातू ग्राम के समीप उद पत्थर कुड़वा मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ, जब जाजू-पांकी की ओर से हेरहंज साप्ताहिक बाजार आ रहे दोनों को पीछे से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी।

मृतका की पहचान मनिका थाना क्षेत्र के करमाही गांव निवासी बबीता कुमारी (18 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक पाकी थाना क्षेत्र के जाजू गांव निवासी सिकंदर सिंह का 22 वर्षीय पुत्र रंगलाल सिंह है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को हेरहंज थाना पुलिस ने तुरंत बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जांच के बाद डॉक्टरों ने बबीता को मृत घोषित कर दिया, जबकि रंगलाल की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार काफी तेज गति से चल रही थी और मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी, जिससे बाइक को सीधे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक, कार व मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि कार चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मोड़ काफी खतरनाक है और यहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस जगह पर गति-नियंत्रण संकेतक और रंबल स्ट्रिप्स लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

गांव में बबीता की मौत की खबर सुनते ही मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि बबीता बेहद मिलनसार और पढ़ाई में होनहार थी।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चेटर पंचायत अंतर्गत आन गांव में रविवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब दो बाइक तीखे मोड़ पर आमने-सामने आ गईं और तेज रफ्तार के कारण टक्कर से बच नहीं पाईं। घायलों की पहचान आन गांव निवासी जधन उरांव और सोंस गांव निवासी कुलदीप उरांव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक अपनी-अपनी बाइक से अलग-अलग दिशा से आ रहे थे। मोड़ पर दृश्यता कम होने और गति तेज होने की वजह से दोनों वाहन सीधा टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और उनके सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को सड़क किनारे से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चंदवा पहुंचाया। सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने घायलों की प्राथमिक जांच की और बताया कि दोनों के सिर एवं चेहरे पर गहरी चोटें हैं, साथ ही आंतरिक चोट लगने की आशंका भी है। बेहतर इलाज के लिए दोनों को रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉ. नीलिमा ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं, साथ ही मोड़ों पर गति नियंत्रित रखना और हॉर्न बजाना बेहद जरूरी है। तेज रफ्तार और सावधानी की कमी से ऐसे हादसों की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आन गांव का यह मोड़ काफी संकरा और खतरनाक है, जहां पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां पर चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाया जाए और सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। हादसे के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को अपने क जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार, हादसे के समय आसमान में हल्की बारिश हो रही थी, जिससे सड़क की सतह फिसलन भरी थी। दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे, जिसकी वजह से उनके सिर में चोटें और गंभीर हो गईं। इस घटना के बाद आसपास के इलाकों में सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा तेज हो गई है।



## मुख्यमंत्री के पैतृक गांव पहुंचे विधायक प्रकाश राम, बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ (लातेहार)।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रकाश राम शनिवार को अपने कई समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड आंदोलन के प्रणेता, दिशोम गुरु, स्वर्गीय शिबू सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पण के दौरान विधायक प्रकाश राम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया और परिवारजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाबा दिशोम गुरु ने अपने जीवन में झारखंड के आदिवासी, मूलवासी और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर विधायक के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। श्रद्धांजलि देने वालों में जुनैद अख्तर, नूर मोहम्मद अंसारी, शमशेर अंसारी, शमीम भाई, जनाब अंसारी सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने स्वर्गीय शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सोच और आदर्श झारखंड को आगे बढ़ाने में प्रेरणा देते रहेंगे।

गांव में पहुंचने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक और उनके साथ आए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने विधायक के इस भाव को सराहा कि कठिन समय में भी उन्होंने व्यक्तिगत रूप से आकर श्रद्धांजलि दी और परिवार का मनोबल बढ़ाया। विधायक प्रकाश राम ने मौके पर कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन का जीवन झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। उनकी याद में हम सभी को एकजुट होकर झारखंड के विकास के लिए काम करना चाहिए। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने भी विधायक से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को विधानसभा में उठाएंगे। कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा और सभी की आंखों में बाबा दिशोम गुरु की यादें ताज़ा हो गईं।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय के चेयरमैन संतोष उरांव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के चेयरमैन संतोष उरांव ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके नेमरा स्थित पैतृक आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात झारखंड आंदोलन के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए की गई।

संतोष उरांव ने मुख्यमंत्री को ढांढस बंधाते हुए कहा कि स्व. शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष, त्याग और सेवा की अनूठी मिसाल है। उन्होंने राज्य की अस्मिता, संस्कृति, जल-जंगल-जमीन और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके योगदान को झारखंड के लोग सदैव स्मरण करेंगे।

इस अवसर पर संतोष उरांव ने स्व. शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा के प्रतीक थे, जिन्होंने राज्य निर्माण के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई। वे आदिवासी, दलित और वंचित समाज की आवाज को सदन से लेकर सड़कों तक बुलंद करते रहे।

संतोष उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि इस कठिन समय में पूरे झारखंड की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री इस दुख की घड़ी में धैर्य और साहस बनाए रखें, क्योंकि पूरे प्रदेश की उम्मीदें और विश्वास उनके कंधों पर हैं।

ज्ञात हो कि स्व. शिबू सोरेन का राजनीतिक जीवन कई दशकों तक फैला रहा। उन्होंने न केवल झारखंड आंदोलन का नेतृत्व किया, बल्कि राज्य के प्रथम पंक्ति के नेताओं में शामिल रहे। उनके प्रयासों के फलस्वरूप ही झारखंड राज्य का निर्माण संभव हो पाया।

संतोष उरांव ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शिबू सोरेन के संघर्ष और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पूरी निष्ठा से प्रयास करेगी। मुलाकात के दौरान माहौल भावुक हो गया, लेकिन संतोष उरांव ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि वे और नेतरहाट आवासीय विद्यालय का परिवार हमेशा राज्य के विकास और सामाजिक सरोकारों में सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस महुआडांड़ पारिश में मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महुआडांड़ पारिश में रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मिस्सा पूजा से हुई, जिसमें फादर रोशन केरकेट्टा मुख्य अनुष्ठानकर्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ फादर सुरेश किंडो, फादर दिलीप एक्का और फादर अरोकिया राज भी मौजूद थे। मिस्सा के दौरान फादर रोशन केरकेट्टा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए जागरूकता और सचेत रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को येसु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि यही मार्ग हमें प्रेम, सेवा और सच्चाई की ओर ले जाता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि अपने गुणों और कार्यों से समाज में प्रेम और सौहार्द का वातावरण बनाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि फादर दिलीप एक्का ने समाज की समस्याओं और युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को इन चुनौतियों का सामना दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में कैथोलिक सभा और महिला संघ द्वारा युवा प्रतिभागियों के स्वागत के लिए गीत प्रस्तुत किए गए। छेछाड़ी घाटी के भाई-बहनों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नृत्यों ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।

## ग्रामीणों का निर्णय – एसएम स्टील्स एंड पावर लिमिटेड को जमीन नहीं देंगे

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों ने रविवार को पंचायत भवन में बैठक कर यह निर्णय लिया कि वे एसएम स्टील्स एंड पावर लिमिटेड कंपनी को अपनी जमीन नहीं देंगे। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी के आने से उन्हें रोजगार का कोई ठोस भरोसा नहीं है, जबकि उनकी खेती की जमीन और जलस्त्रोत पर खतरा पैदा हो जाएगा। ग्राम प्रधान रामलाल भगत ने बताया कि कंपनी द्वारा जमीन अधिग्रहण के लिए दबाव डाला जा रहा है, लेकिन ग्रामीण एकजुट होकर इसका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि खेती ही उनकी जीविका का मुख्य साधन है और जमीन देने का मतलब है अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य खतरे में डालना।

महिला प्रतिनिधि सुमित्रा देवी ने कहा कि कंपनी के आने से प्रदूषण बढ़ेगा और गांव की प्राकृतिक संपदा नष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन हमारी मां के समान है और इसे किसी कीमत पर बेचा नहीं जाएगा।

बैठक में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर प्रशासन ने जबरन अधिग्रहण की कोशिश की, तो वे कानूनी और जनआंदोलन दोनों रास्ते अपनाएंगे। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि वे एक लिखित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपेंगे और स्पष्ट करेंगे कि वे अपनी जमीन कंपनी को नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास ऐसा होना चाहिए जो पर्यावरण और आजीविका दोनों की रक्षा करे।

## यादव महासभा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



● बालूमाथ में शोकसभा, बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में रविवार को यादव महासभा की ओर से शोकसभा आयोजित कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू प्रमंडल अध्यक्ष बली प्रसाद यादव ने की। उपस्थित लोगों ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता व नेतृत्वकर्ता दिवंगत शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, उपेंद्र यादव, अरबिंद यादव, संजय यादव, नंद कुमार यादव, राजन कुमार यादव, हरिहर यादव, पंकज यादव, निर्मल यादव, विजय यादव, चंद्रमोहन यादव, बालेश्वर यादव, अमृत यादव, अंबिका यादव, बलराम यादव, बल्केश यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार के पिता का निधन, अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

**मयूरहंड (चतरा)।** स्थानीय पत्रकार नरेश राणा के 85 वर्षीय पिता रामाधीन राणा का शनिवार को निधन हो गया। वे स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त थे और पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार को मयूरहंड श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े पुत्र सह राणा समाज के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश राणा ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में करमा मुखिया रामनाथ यादव, अनिल कुमार सिंह, रामभरोस सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, रणधीर सिंह, डोमन राणा, सिकंदर मेहता समेत सैकड़ों लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की मांग को लेकर दिया आवेदन, कहा – बारिश में बढ़ी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** बरसात के मौसम में जर्जर सड़कों की वजह से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लातेहार प्रखंड के कई पंचायतों के ग्रामीणों ने रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर मुख्य सड़क और संपर्क मार्गों की मरम्मत की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और बारिश में यह पूरी तरह कीचड़ में बदल जाते हैं। इससे पैदल चलना तो मुश्किल है ही, वाहन चालक भी आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ग्राम पंचायत के मुखिया रामेश्वर उरांव ने कहा कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग को सूचित किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। महिला मंडल की अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि खराब सड़क की वजह से गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी होती है। कई बार एंबुलेंस भी बीच रास्ते में फंस जाती है। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी और प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत का कार्य शुरू कराया जाएगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस बार उनकी मांग को अनसुना नहीं किया जाएगा।

## रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधा राखी दिया भाईचारे व आध्यात्मिकता का संदेश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** रविवार को रक्षाबंधन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लातेहार की बहनों ने जिले के विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में जाकर राखी बांधकर भाईचारे, प्रेम और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बहनों ने कहा कि राखी केवल रक्षा का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे के प्रति विश्वास, सम्मान और नैतिक जिम्मेदारी का संकल्प है। ब्रह्माकुमारी केंद्र की प्रमुख बहन संगीता ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन का थीम ₹आध्यात्मिक सुरक्षा₹ रखा गया है। उन्होंने कहा कि आज समाज को न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आत्मिक सुरक्षा की भी आवश्यकता है। बहनों ने उपस्थित लोगों को यह संदेश दिया कि जीवन में सच्ची सुरक्षा तब मिलती है, जब हम अपने विचारों को शुद्ध और सकारात्मक बनाते हैं। इस दौरान बहनों ने लातेहार थाना, जिला प्रशासनिक कार्यालय, सरकारी स्कूलों और अस्पताल में जाकर भी राखी बांधी। उन्होंने पुलिसकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को ₹सच्चे रक्षक₹ बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। केंद्र प्रभारी बहन रेखा ने बताया कि रक्षाबंधन का पर्व हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी एक ईश्वर की संतान हैं और एक-दूसरे के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके दुख-दर्द में साथ खड़े रहें। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने ब्रह्माकुमारी बहनों की इस पहल की सराहना की और इसे समाज में प्रेम और सद्भावना बढ़ाने का एक उत्कृष्ट माध्यम बताया।

## चंदवा सीएचसी में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। यह अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा, जिसमें एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) और आईडीए (इंटेंसिव ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) के तहत व्यापक स्तर पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाएं दी जाएंगी।

कार्यक्रम का उद्घाटन उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विजय दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव आजाद, विनोद कुमार गुड्डू और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. नीलिमा कुमारी ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर और धीमी गति से फैलने वाली बीमारी है, जिसके लक्षण सामने आने में 5 से 10 साल तक का समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि एक बार यह बीमारी बढ़ने पर व्यक्ति को स्थायी विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए इसे शुरुआती स्तर पर रोकना अत्यंत आवश्यक है। यही कारण है कि पूरे देश में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों ने दवा सेवन की सही विधि, लाभ और सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया रोधी दवा सभी लोगों को लेनी चाहिए, सिवाय गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों और दो वर्ष से कम आयु के बच्चों के।

उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा और विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे ने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने आस-पास के लोगों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। संजीव आजाद ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और यह बीमारी व्यक्ति को धीरे-धीरे अपंग बना सकती है। इस दवा के सेवन से बीमारी का खतरा काफी हद तक समाप्त हो जाता है। एमटीएस कृष्णकांत ने दवा की खुराक और सेवन की सही पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दवा का सेवन भोजन के बाद करना अधिक लाभकारी है। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य कर्मी रमेश राम ने किया। इस दौरान बीपीएम अमित कुमार, देवाशीष पंडा, प्रवीण कुमार भोला, विनीता कुमारी, सुमित कुमार, मो. हसीब, बीरबल भगत, जोशीला लकड़ा, कमला समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने टीमों का गठन कर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। अधिकारियों का मानना है कि यदि लोग इस अभियान में पूरी तरह सहयोग करें तो फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य जल्द ही प्राप्त किया जा सकता है।

## लातेहार में एमडीए-आईडीए 2025 अभियान की शुरुआत, 7.92 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में जनसहभागिता जरूरी : विधायक

नवीन मेल संवाददाता






**लातेहार।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए रविवार को सदर अस्पताल परिसर में एमडीए-आईडीए 2025 अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

विधायक और उपायुक्त ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लोगों से भी अभियान में सहयोग की अपील की।

विधायक सिंह ने कहा कि हमें न केवल अपने जिले बल्कि पूरे देश से फाइलेरिया का समूल नाश करना है। स्वास्थ्यकर्मी जब घर आएं तो उनके सामने ही दवा का सेवन करें। जिले की 7,92,854 आबादी को इस वर्ष दवा खिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 1081 बूथ और 2162 दवा प्रशासकों की टीम बनाई गई है। उपायुक्त ने बताया कि 10 से 25 अगस्त तक घर-घर जाकर छूटे हुए लोगों को दवा खिलाई जाएगी। गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया के खतरे और बचाव पर भी जानकारी दी गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि डॉ. चंदन सिंह, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. राज मोहन खलखो समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## बंद घर से 20 हजार नगद व जेवरात ले उड़े चोर

**गुमला।** शहर के रिहायशी मोहल्ला जवाहर नगर में बीती रात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना के संबंध में घर मालिक मनोज कुमार ने रविवार अपराह्न करीब 3 बजे गुमला थाना में आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। मनोज कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि उनके घर में किरायेदार मंगल कुमार रहते हैं, जो रक्षाबंधन के मौके पर अपने गांव फोरी गए थे। इसी दौरान वे स्वयं भी गुमला से बाहर थे। इस मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घर का मुख्य ताला तोड़ा और गोदरेज से 20 हजार रुपये नगद उड़ा लिए। वहीं, किरायेदार के कमरे का ताला तोड़कर जेवरात भी चुरा लिए गए। पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए रुपए व जेवरात की बरामदगी की गुहार लगाई है। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने उत्तम साहू



**पालकोट (गुमला)।** बघिमा स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बघिमा पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुराने समिति को भंग कर सर्वसम्मति से नई समिति का गठन किया गया, जिसमें युवा कार्यकर्ता उत्तम साहू को अध्यक्ष, अमन साहू को सचिव और येन्द्र साहू (दिलीप) को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र साहू और सर्वजीत नायक, उप-सचिव पद के लिए आदित्य कुमार साहू और अमन (विकास) साहू का चयन किया गया। नए पदाधिकारियों के चयन से क्षेत्र के लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उत्तम साहू ने कहा कि समिति इस वर्ष दुर्गा पूजा का भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन करेगी।

### भरनो में आफत की बारिश ने मचाई तबाही

# मकानें हुई जमींदोज व फसलें बर्बाद, ग्रामीणों ने लगायी गुहार



- लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों का घर से निकलना मुश्किल गया है

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड में हो रही लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज बारिश से कई गरीब परिवारों के कच्चे आशियाने ढह गए, तो कई घरों में पानी घुस जाने से लोग बेघर हो गए हैं। दक्षिणी भरनो पंचायत के बड़ाईकटोली गांव निवासी सीता देवी का मिट्टी का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इसी गांव के रमेश बड़ाईक और जतरा बगीचा टोली निवासी महादेव उरांव समेत कई ग्रामीणों के कच्चे मकान बारिश की मार से धराशायी हो गए। इससे उनके सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। स्थिति का जायजा लेने के लिए दक्षिणी भरनो पंचायत के पूर्व मुखिया मुकेश उरांव ने प्रभावित परिवारों के घर जाकर नुकसान का निरीक्षण किया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। बारिश से प्रखंड में बहने वाली पारस नदी, कुएं, तालाब, डोभा और चुआं सबाब पर हैं। अधिकांश कुओं में पानी का स्तर बढ़ गया है। उधर, किसानों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। सब्जियों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है, जबकि केवल धान रोपनी करने वाले किसान समय पर अपना काम पूरा कर पाए हैं। इधर अमलिया पंचायत के बझियाटोली गांव निवासी राजेश मुंडा का खपरैल मिट्टी का मिल-स्टोर भी भारी बारिश के कारण ढह गया, जिससे उनकी आटा चक्की मशीन क्षतिग्रस्त हो गई और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। प्रभावित सभी ग्रामीणों ने अंचल प्रशासन से मुआवजे और त्वरित राहत की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द मदद नहीं मिली, तो उनका जीवनयापन और कठिन हो जाएगा।

### लगातार बारिश से वीरन उरांव का आशियाना ढहा, प्रशासन से मदद की अपील की

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड में जारी मूसलधार बारिश के बीच कच्चे मकानों के ढहने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बनारी के गोरा टोली का है, जहां 4 अगस्त को तेज बारिश के दौरान वीरन उरांव का कच्चा घर अचानक गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सभी पांच सदस्य घर के बाहर थे, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। अब बेघर हुआ यह परिवार सरकारी योजना के तहत बने धूमकुडिया घर में अस्थायी रूप से शरण ले रहा है। पीड़ित वीरन उरांव ने बताया कि उनका यही एकमात्र आशियाना था, जो बारिश में ढह गया। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि उन्हें पुनः घर बनाने के लिए मदद दी जाए। स्थानीय समाजसेवी राजू मांझी ने पीड़ित परिवार की स्थिति को बेहद दयनीय बताते हुए कहा कि उनका जीवन यापन अब कठिन हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। वीरन उरांव का परिवार भी प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठा है कि उन्हें शीघ्र राहत मिले, ताकि वे फिर से अपना घर बनाकर सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

## हाकाजांग में छह दिवसीय मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज़



- एफ.सी. लापु ने उद्घाटन मैच में दर्ज की जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के हाकाजांग स्थित मैदान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्गीय डॉ. ईज़िकियल लेओस टोप्पो और उदयवीर टोप्पो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तत्वाधान में किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि इरमा टोप्पो और पंचायत समिति सदस्य रितेश खेरवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि इरमा टोप्पो ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट स्थानीय युवाओं को खेलों में प्रोत्साहन देने और क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन से क्षेत्र में एकता, सौहार्द और भाईचारे का संदेश फैलेगा। पंचायत समिति सदस्य रितेश खेरवार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल भावना के साथ भाग लें और अपनी प्रतिभा का पूरा प्रदर्शन करें। उद्घाटन मैच में एफ.सी. लापु और एस.टी. बगहटा (लोहरदगा) के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें एफ.सी. लापु ने 2–0 से जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह पक्की की। रेफरी सुभाष खलखो के नेतृत्व में खेले गए इस मैच में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने लायक था।
इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेम एक्का, सचिव संदीप तिर्की, सुनित मिंज, सुभाष खलखो, मसीह एक्का, राजू नगेसिया, सुदामा उरांव, सुधन नगेसिया, पवन उरांव, मुकेश खेरवार, संतोष उरांव,, सुरेंद्र उरांव, कुलदीप उरांव, अमर उरांव, अनुग्रह उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और दर्शक मौजूद रहे।

## पांच दिनों से बिजली गुल, ग्रामीणों में आक्रोश

- तीन पोल टूटने से ठप हुई आपूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**


फाइल फोटो

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। केवल भरनो मुख्यालय में किसी तरह बिजली मिल रही है, वह भी लंबे अंतराल के बाद, जबकि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा पसरा हुआ है।
बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों को मोबाइल चार्ज करने के लिए पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। सुदूरवर्ती गांवों के लोगों का कहना है कि सरकार ने पहले ही केरोसिन तेल देना बंद कर दिया है, ऐसे में उन्हें मोमबत्ती के सहारे रात बितानी पड़ रही है।
जिन घरों में इन्वर्टर हैं, वे भी लगातार बिजली नहीं मिलने से बंद हो चुके हैं। इस स्थिति से न केवल आम लोग, बल्कि मोबाइल-इलेक्ट्रॉनिक की दुकानें चलाने वाले व्यापारी और विद्यार्थी वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित हैं। विभागीय कर्मचारी दिवाकर मिश्रा ने बताया कि जुरा के खलवीटोली गांव में धान के खेत में तीन बिजली पोल टूटकर गिर गए हैं, जिसके कारण यह बड़ी खराबी उत्पन्न हुई है। विभाग के कर्मी युद्धस्तर पर मरम्मत और नए पोल लगाने का कार्य कर रहे हैं, जल्द ही बिजली बहाल कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं का कहना है कि भरनो प्रखंड में बिजली व्यवस्था पहले से ही बेहद लचर है।
इससे पूर्व पावर हाउस के मुख्य ट्रांसफार्मर के खराब होने से लोग डेढ़ महीने तक बिजली संकट से जूझते रहे थे। अब नया ट्रांसफार्मर लगने के बावजूद एक और बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो वे विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर मंझाटोली बैरियर बगीचा में हुआ भव्य आयोजन

- एकता, अधिकार और संस्कृति पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रायडीह (गुमला)।** रायडीह प्रखंड के मंझाटोली बैरियर बगीचा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों और अपनी-अपनी मंडलियों के साथ शामिल हुए।
मुख्य वक्ता कूड़ो छत्तरपुर ग्राम पंचायत की मुखिया चुंया कुजूर ने कहा, "हम आदिवासी संगठित रहेंगे तभी अपने अधिकार हासिल कर सकेंगे। शिक्षा और एकता के बल पर ही विकास संभव है।" उन्होंने संविधान की पाँचवीं अनुसूची, पंचायत राज अधिनियम और ग्राम सभा की सशक्त भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने कहा, "आदिवासी किसी से कम नहीं, हमें बस एकजुट रहना होगा।" वहीं, अनूप फ्रांसिस कुजूर ने झारखंड में पेशा कानून को शीघ्र लागू करने की मांग की। जरजट्टा मुखिया मार्था एक्का ने चेताया कि आदिवासी स्वयं अपनी राह से भटक रहे हैं, जिन्हें एक मंच पर आना होगा। कार्यक्रम में चंद्र शेखर नगेसिया, मंगल इंदवार, उप प्रमुख दीपक कुजूर, सुरेंद्र एक्का, सिमोन कुजूर, रजनी मिंज सहित कई वक्ताओं ने संबोधन दिया। विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधान, बैगा और चर्च के पादरियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में खोड़हा दल ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि केराडीह गांव के कलाकारों ने पड़हा व्यवस्था पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। महोत्सव में पारंपरिक व्यंजनों जैसे खपरा रोटी, धुकड़ी लड्डू, छिरका रोटी, मड़ुआ रोटी-लड्डू, घोंघी, रहर और कुरथी चखना, उरद कुहड़ी, झराअम्म (हड़िया) आदि के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने। इससे पूर्व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और पंखराज साहेब कार्तिक उरांव की प्रतिमाओं पर बीडीओ प्रधान हांसदाक सहित सभी अतिथियों ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में शशिकांत बेक, बासिल तिर्की, मनोज कुजूर, सोमेश्वर उरांव, खोरस केरकेट्टा, महेश केरकेट्टा, सुधीर उरांव, देवतु उरांव और मंगरु मुंडा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## घाघरा दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा के अध्यक्ष बने अमित नाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** घाघरा दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा की बैठक रविवार को बिपिन बिहारी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति की पुरानी कार्यकारिणी समिति को यथावत रखा जाएगा। इस वर्ष दुर्गा पूजा को पारंपरिक रीति-रिवाजों और भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पूजा पंडाल की सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और स्वच्छता पर विशेष चर्चा की गई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस वर्ष पंडाल को आकर्षक थीम पर सजाया जाएगा और पूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आने वाले कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। समिति ने निर्णय लिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और फर्स्ट एड की व्यवस्था की जाएगी।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है बल्कि यह समाज को एकजुट करने और भाईचारे का संदेश देने का अवसर भी है। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। पूजा के पूर्व ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में बिपिन बिहारी सिंह, अशोक उरांव, सदय प्रताप जायसवाल, अमित नाग, नीरज जायसवाल, सुशील कुमार, उमेश सिंह, अरुण पांडे, ऋषि महापात्रा, छोटू साहू, सुदामा गुप्ता, संजय शर्मा सहित अन्य लोग यपस्थित थे।

### 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगा, रक्षाबंधन पर रोशन हुआ बाजार

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय के नीचे बाजार में पिछले करीब एक माह से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था, जिससे बिजली उपभोक्ताओं और आम लोगों को अंधकार, गर्मी और सांप-गोजर जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार मरम्मत कराने के बावजूद ट्रांसफार्मर जर्जर होने और उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही थी।लंबे इंतजार के बाद समसेरा मुखिया एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष बोलवा सुरजन बड़ाईक के प्रयास और आम लोगों के सहयोग से बिजली विभाग ने 25 केवीए ट्रांसफार्मर की जगह नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया। रक्षाबंधन के अवसर पर बिजली बहाल होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बोलबा निवासी महाराज पारसमणि दास ने भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना, धूप-दीप, अगरबत्ती, नारियल फोड़ने और मिठाई वितरण के साथ फीता काटकर किया।

## सिमडेगा पत्रकार संघ ने शोक सभा आयोजित कर गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, झारखंड के महानायक आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतिक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्मरण में सिमडेगा पत्रकार संघ ने शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में सिमडेगा पत्रकार संघ के सभी पदधारी और सदस्यों सहित झामुमो के जिला सचिव शफीक खान और आदिवासी कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर दिलीप तिर्की ने गुरुजी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किए। पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री ने कहा कि गुरुजी का निधन समस्त झारखंड खास कर आदिवासी मूलवासी समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन नहीं होते, तो इस राज्य का नाम शायद झारखंड नहीं होता। उन्होंने आदिवासियों की अस्मिता, संस्कृति और संघर्ष को अपने नाम में ही समाहित किया।पत्रकार संघ के सचिव दीपक रिंकू ने गुरुजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन का जनक गुरु जी को माना जाता हैं।

### झामुमो ने शिबू सोरेन की श्रद्धांजलि

**ठेठईटांगर।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, महानायक, आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतीक बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन की याद में रविवार को सियादोहर, प्रखंड ठेठईटांगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो जिला सचिव सफीक खान और जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की ने किया।सभा में उपस्थित लोगों ने गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर झामुमो जिला सचिव सफीक खान ने कहा कि गुरुजी हमारे अभिभावक और आदर्श थे, जिनका जाना पूरे झारखंड और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि गुरुजी की आत्मा को शांति और उत्तम स्थान प्रदान करें।श्रद्धांजलि सभा में झामुमो के नगर अध्यक्ष अनस आलम, जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग, स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभा का माहौल भावुक था और लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान ने आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज में प्रेमइ व शांति दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पावन रक्षाबंधन पर्व पर ब्रह्माकुमारी संस्थान ने रविवार को विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज में प्रेम, शांति और सकारात्मकता का सशक्त संदेश दिया। सेवाकेंद्र की बहनों ने अपर समाहर्ता सशिंदर बड़ाइक, सिविल सर्जन डॉ. शंभू नाथ चौधरी, डी.डी.सी. दिलेश्वर महतो, सर्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार, एस.डी. पी.ओ. सुरेश प्रसाद यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों और सीआरपीएफ कैंप में तैनात वीर जवानों की कलाई पर प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक स्वरूप पवित्र रक्षासूत्र बांधा। सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी शांति दीदी ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार, भाजपा नेत्री शकुंतला देवी समेत संस्थान के अन्य सदस्यों को राखी बांधते हुए कहा की रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक सुरक्षा, नैतिक मूल्यों के पालन और समाज में सद्भाव बनाए रखने का पवित्र संकल्प है। यह बंधन हमें ईश्वर की शक्ति से जुड़ने और जीवन को नकारात्मकताओं से सुरक्षित रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ने इसे भाईचारा और एकता को मजबूत करने वाला आयोजन बताया। सर्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार ने कहा कि यह पहल सुरक्षा बलों के मनोबल को ऊँचाई देती है, जबकि सिविल सर्जन डॉ. चौधरी ने इसे स्वास्थ्य, सेवा और सुरक्षा का अनूठा संगम माना। सीआरपीएफ के जवानों ने बहनों द्वारा बांधे गए रक्षासूत्र को गर्व और सम्मान के साथ स्वीकार करते हुए देश की रक्षा और सेवा के अपने संकल्प को पुनः दोहराया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक, गणमान्य अतिथि और मीडिया प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और पवित्र भावनाओं से भर उठा।

## रायडीह व सुरसांग में पशु चोरी की वारदात, क्षेत्र में सक्रिय गिरोह पर शक



**रायडीह (गुमला)।** सुरसांग थाना क्षेत्र के कोंडरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बागबोथा चौक में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ग्राम निवासी उलेश्वर सिंह के आधा दर्जन खस्सी (बकरे) रात करीब 1:30 बजे चोरी कर लिए गए। बताया जा रहा है कि चोर बोलेरो वाहन में खस्सियों को लादकर ले गए। बकरियों के मिमियाने की आवाज सुनकर गृहस्वामी और आसपास के लोग जाग गए तथा "चोर-चोर" का शोर मचाया, लेकिन चोर कैरबेड़ा (सिमडेगा) की ओर भागने में सफल रहे। वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने सभी घरों की कुंडी बाहर से बंद कर दी थी, जिससे कोई बाहर नहीं निकल सका। इससे पूर्व भी बागबोथा और कोंडरा में आधा दर्जन गोवंशीय पशुओं की चोरी हो चुकी है। सूचना मिलते ही सुरसांग थाना प्रभारी अनिकेत कुमार गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के क्रम में कैरबेड़ा स्थित सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इधर, रायडीह थाना क्षेत्र के मांझा टोली से सटे कूड़ो छत्तरपुर गांव में भी बीती रात पूर्व चौकीदार का एक हलवाहा बैल घर से चोरी हो गया। इससे पहले पतराटोली बाजार टांड़ से भी तीन गाय-बैल की चोरी हो चुकी है। लगातार हो रही इन वारदातों से स्पष्ट है कि पशु चोरी करने वाला गिरोह इस क्षेत्र में सक्रिय है।

### विश्व हिंदू परिषद | 16 अगस्त से 31 अगस्त तक जिले भर में मनाया जाएगा स्थापना दिवस : कौशल राज

# जिला के सभी आयामों का हुआ पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता**







**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की जिला कार्यालय में रविवार को जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पिछली बैठक पर संतोष व्यक्त किया गया। इसके बाद बताया गया कि प्रांत के निर्देशानुसार आगामी 13 एवं 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस जिला से लेकर पंचायत स्तर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं, विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस 16 अगस्त से 31 अगस्त तक स्थापना दिवस सप्ताह के रूप में जिले के प्रखंड से लेकर ग्रामीण स्तर तक भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान परिषद की स्थापना, उसके उद्देश्य एवं कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया जाएगा।बैठक में जिला के सभी आयामों का पुनर्गठन कर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने तथा विभाग एवं प्रांत के पदाधिकारियों को जोड़ने पर चर्चा हुई। साथ ही, परिषद की मासिक पत्रिका के लिए सदस्यता बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान समय देने वाले कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन हिंदुओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ समाज में चिंतन, संकीर्तन, संगत-पंगत जैसी परंपराओं को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाना चाहिए, जिससे संगठन और मजबूत हो सके। साथ ही, अपने घरों में बच्चों को संस्कार, महापुरुषों की जानकारी, गीता, रामायण आदि की शिक्षा देकर संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के मंत्री कृष्णा शर्मा, जिला बजरंग दल संयोजक आनंद जायसवाल, चंदेश्वर मेहर, संजय कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

